
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंकः 1 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 22 मार्च 2020

**विचार-प्रवाह...**कोरोना विकराल होता वायरस





मौसम — अधिकतम 27.0° न्यूनतम 16.0°

29915.96

2 किलर कोरोना से जूझ रहे पश्चिमी देश

7 मैरी कॉम ने तोड़ा क्वॉरेंटाइन प्रोटोकॉल

# कोरोना का प्रहार...300 पार

■262 लोग इटली से आएंगे वापस, 1600 को क्वारंटाइन सेंटर में रखा गयाः स्वास्थ्य मंत्रालय

## कोरोना के भारत में अबतक 310 मामले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस का कहर दुनिया के साथ–साथ भारत में भी बढ़ता जा रहा है। सरकारी आंकड़ों में अब तक 310 मामले सामने आए हैं। इसमें से 39 विदेशी हैं। 4 लोगों की मौत भी हो चुकी है। भारत सरकार की तरफ से लोगों को इसके प्रति जागरूक किया जा रहा है, फैलने से रोकने के लिए कई कदम भी उठाए गए हैं। विदेशों में फंसे भारतीयों को भी सरकार वापस ला रही है।

**सरकार ने जारी किए हैं हेल्पलाइन नंबरः** कोरोना से जुड़ी कोई जानकारी लेने या देने के लिए हेल्पलाइन नंबर 91 11 23978046 पर फोन किया जा सकता है। इसके अलावा हर राज्य ने अपना हेल्पलाइन नंबर जारी किया हुआ है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल के अनुसार देशभर में आज से 111 लैब में कोरोना वायरस का टेस्ट होगा। देश में भारतीय और अन्य देश के 1600 लोगों को क्वारंटाइन सेंटर रखा गया है। आज 262 लोग इटली के रोम से वापस आएंगे और इन्हें क्वारंटाइन सेंटर में रखा जाएगा। इनमें से अधिकतर छात्र हैं। भारत सरकार की वेबसाइट बवअपकवनज.पद के अनुसार शनिवार 21 मार्च 2020 दोपहर साढ़े पांच बजे तक देश में कोरोना वायरस कुल 299 मामलों की पुष्टि हो गई है। 269 लोग अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। 23 लोग ठीक हो गए हैं। वहीं चार लोगों की मौत हुई है। सबसे ज्यादा मामले महाराष्ट्र में सामने आए हैं। यहां 64 लोगों कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। वहीं एक मरीज की मौत भी हुई है।



### सतर्कता ही बचाव, घबराएं नहींः पीएम मोदी

नई दिल्ली। कोरोना वारयस के खतरे के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने अपने निजी अकाउंट से ट्वीट करते हुए कहा कि यह समय घबराने का नहीं है बल्कि सतर्कता बरतने का है। प्रधानमंत्री ने कहा कि न सिर्फ घर के भीतर रहना जरूरी है, बल्कि आप जिस शहर/कस्बे में हों, वहीं रहें। अनावश्यक यात्रा से न तो आपकी कोई मदद होगी न दूसरों की। पीएम मोदी के अनुसार, ऐसे वक्त में, हमारी हर छोटी कोशिश बड़ा असर डालेगी।

### महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के 12 नए मामले आए सामने

महाराष्ट्र के स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना से जुड़े नए मामलों के आकंड़े जारी किए हैं। राज्य में आज कुल 12 नए कोरोना वायरस पॉजिटिव मामले सामने आए हैं। 8 मुंबई से, 2 पुणे से, 1 यवतमाल से और 1 कल्याण से है। राज्य में अब तक कोरोना वायरस के कुल 64 पॉजिटिव केस हैं।

**ओडिशा के पांच जिलों को किया गया लॉकडाउन**

कोरोना वायरस के चलते ओडिशा के पांच जिलों को पूरी तरह से लॉकडाउन कर दिया गया है। सिर्फ अत्यावश्यक सेवाएं ही जारी रहेंगी। राज्य के लॉकडाउन होने वाले 5 जिलों में खुर्दा, कटक, केंद्रपाड़ा, गंजाम एवं केंद्रपाड़ा जिला शामिल है।

## संक्षिप्त समाचार

### मंडे को पब्लिक के लिए सिर्फ 6 घंटे चलेगी दिल्ली मेट्रो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस के रिस्क के बीच दिल्ली मेट्रो ने अपने शेड्यूल में बदलाव किया है। ये बदलाव सिर्फ सोमवार (23 मार्च) के लिए किया गया है। उस दिन सुबह 6 बजे से 8 बजे तक हर 20 मिनट पर मेट्रो आएगी। इसमें सिर्फ अस्पताल, फायर डिपार्टमेंट, पुलिस, बिजली जैसी जरूरी सेवाओं से जुड़े लोग ही ट्रेवल कर पाएंगे। सुबह 8 से 10 बजे तक मेट्रो सबके लिए ओपन रहेगी। दिल्ली सरकार के निर्देशों के बाद दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने ये चेंजेस किए हैं।

### अलीगढ़ से आइसोलेशन से भागे 3 कश्मीरी छात्र, घाटी में पकड़े गए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से आइसोलेशन के दौरान भागे पीएचडी के चार छात्रों में से तीन शनिवार को कश्मीर में पकड़ लिए गए। घाटी से ताल्लुक रखने वाले पीएचडी के ये चार विद्यार्थी उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ शहर से 18 मार्च को आइसोलेशन से भाग गए थे। अधिकारियों ने दो छात्रों को बारामूला जिले से पकड़ लिया है, जबकि अनंतनाग जिले से तीसरे को पकड़ा गया है। अलीगढ़ के क्वॉरेंटाइन वॉर्ड से भागे चौथे कश्मीरी छात्र का पता अभी तक नहीं चल पाया है।

### 12 यात्रियों में कोरोना वायरस के संक्रमण की हुई पुष्टिः भारतीय रेलवे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रेल मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि कोरोना वायरस से संक्रमित 12 लोगों ने हाल ही में 2 अलग–अलग ट्रेनों से सफर किया है। इनमें से 8 ने 13 मार्च को दिल्ली से आंध्र प्रदेश संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के जरिए रामागुंडम की यात्रा की। इनके अलावा 4 ने 16 मार्च को गोदान एक्सप्रेस से मुंबई से जबलपुर तक सफर किया। रेलवे ने लोगों ने अपील की है कि बहुत ही ज्यादा जरूरी न हो तो पैसेंजर या लंबी दूरी की ट्रेनों से यात्रा करने से बचें।

### वसुंधरा राजे और दुष्यंत सिंह की रिपोर्ट नेगेटिव आई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। राजस्थान में कोरोना वायरस के शनिवार को 6 नए मामले सामने आए हैं । नए पॉजिटिव आने वालों में 5 भीलवाड़ा और 1 जयपुर का युवक शामिल है। इसके साथ ही प्रदेश में पॉजिटिव पीड़ितों की संख्या 23 हो गई है। जानकारी के अनुसार राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और उनके सांसद बेटे दुष्यंत सिंह की रिपोर्ट नेगेटिव आई है। दोनों फिलहाल सेल्फ आइसोलेशन में हैं । वसुंधरा और दुष्यंत लखनऊ में एक पार्टी में शामिल हुए थे,जिसमें लंदन से लौटी सिंगर कनिका कपूर भी थी। कनिका की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद दोनों ने जांच कराई और सेल्फ आइसोलेशन में रहने लगे।

## दिल्ली के 72 लाख लोगों को मिलेगा मुफ्त राशन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

### केजरीवाल सरकार का बड़ा ऐलान

नई दिल्ली। दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल ने कोरोना के खिलाफ जंग में एक बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि दिहाड़ी मजदूरों को कोरोना के कारण ज्यादा परेशानी हो रही है। उनके सामने रोजी–रोटी का संकट सामने आ रहा है। इसलिए दिलली सरकार ने यह ऐलान किया है कि हम उन 72 लाख लोगों को मुफ्त राशन देंगे। यह 72 लाख लोग वह हैं जो दिल्ली सरकार के राशन स्कीम के तहत रजिस्टर हैं। दिल्ली सरकार के राशन स्कीम में कुल 18 लाख परिवार आते हैं। इसके साथ ही लॉकडाउन के संकेत दिए हैं।

**किसे मिलेगा कितनाः** इसके बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि हर शख्स को 7.5 किलो राशन मिलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि पहले का कोटा 5 किलो का था जिसे इस संकट के समय बढ़ा दिया है। अब हर शख्स को ढाई किलो ज्यादा मिलेगा।

**विकलांग को डबल पेंशनः** इसके अलावा सीएम ने कुछ और अन्य ऐलान किए जिससे लोगों को काफी फायदा होगा। उन्होंने कहा कि बेघर लोगों के लिए रेन बसेरे में खाने का इंतजाम होगा। लंच और डिनर दोनो देंगे। बुजुर्ग कुछ दिन वॉक बंद कर दें। इसके साथ ही विकलांग पेंशन डबल करने की बात कही। वहीं एक अहम बात बताते हुए कहा कि दिल्ली में फिलहाल लॉकडाउन नहीं है मगर जरूरत नहीं पड़ेगी तो किया जा सकता है।



### राशन बांटना जरूरी

इससे पहले उन्होंने शुक्रवार को हुई बैठक में साफ निर्देश दिया था कि राशन बांटना जरूरी है। उन्होंने कहा कि डीएम और एसडीएम कोरोना को लेकर जो भी गतिविधि कर रहे हैं, वह गतिविधि आवश्यक है और वह बंद नहीं हो सकती है। राशन विभाग में राशन का बंटना जरूरी है, लेकिन जो लोग राशन कार्ड के लिए आवेदन करते हैं, वह आवश्यक नहीं है। उन्होंने कहा कि रविवार को 50 फीसद से ज्यादा बसें नहीं चलेंगी।

## ताली नहीं, आर्थिक पैकेज से मिलेगी मदद

**कटाक्ष**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

### राहुल गांधी ने देशवासियों से ताली बजाने की पीएम मोदी की अपील पर किया तंज

नई दिल्ली। कोरोना वायरस से निपटने में मदद करने वाले लोगों के सम्मान में रविवार शाम को 5 बजे लोगों से अपने–अपने घरों में ताली बजाने के पीएम मोदी की अपील पर राहुल गांधी ने कटाक्ष किया है। उन्होंने शनिवार को ट्वीट कर लिखा कि कोरोना वायरस से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले लोगों को ताली बजाने से मदद नहीं मिलेगी, सरकार को आर्थिक पैकज का ऐलान करना चाहिए। दरअसल पीएम मोदी ने लोगों से रविवार को जनता कर्फ्यू के दिन शाम 5 बजे अपने–अपने घरों में ताली या थाली बजाकर कोरोना से निपटने में मदद कर रहे लोगों का सम्मान करने की अपील की है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने ट्वीट किया, कोरोना वायरस हमारी नाजुक अर्थव्यवस्था पर एक कड़ा प्रहार है। छोटे, मध्यम व्यवसायी और दिहाड़ी मजदूर इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। ताली बजाने से उन्हें मदद नहीं मिलेगी।

**कोरोना वायरस को गंभीरता से न लेने का आरोप**

राहुल गांधी इससे पहले भी मोदी सरकार पर कोरोना वायरस को गंभीरता से न लेने का आरोप लगा चुके हैं। 18 मार्च को एक ट्वीट में उन्होंने कोरोना वायरस से निपटने के लिए तत्काल आक्रामक कदम उठाने की मांग की थी। उन्होंने लिखा था कि भारत निर्याणक कार्रवाई करने की सरकार की अक्षमता की बहुत ही भारी कीमत चुकाने जा रहा है।

**सांसद शशि थरूर ने भी लगाया आरोप**

कांग्रेस के एक और नेता और तिरुवनंतपुर से सांसद शशि थरूर ने भी भारत में पर्याप्त मात्रा में कोरोना की जांच नहीं होने का आरोप लगाया है। शुक्रवार को उन्होंने ट्वीट किया, भारत रोजाना 10,000 टेस्ट करने की अपनी मौजूदा क्षमताओं का सिर्फ 10 प्रतिशत ही इस्तेमाल कर पा रहा है। जिन देशों ने सिर्फ आइसोलेशन पर भरोसा किया (यूरोप/अमेरिका) और जिन देशों ने आक्रामकत ढंग से अपनी आबादी की जांच की (दक्षिण कोरिया/ताइवान) उन देशों के नतीजों में फर्क बहुत साफ है। हमें टेस्ट करना ही चाहिए!

## एमपी में बीजेपी सरकार की कवायद शुरू, जेपी नड्डा और सिंधिया से मिले बागी कांग्रेस विधायक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली/भोपाल। मध्य प्रदेश में कमलनाथ के मुख्ध्यमंत्री पद से इस्ध्तीफे के बाद बीजेपी सरकार बनाने की कवायद में जुट गई है। शनिवार को बेंगलुरु में मौजूद बागी कांग्रेस विधायक दिल्ध्ली पहुंचे। यहां उन्ध्होंने बीजेपी अध्ध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की। इस दौरान, कांग्रेस छोड़ बीजेपी में आए राज्य के वरिष्ठ नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया भी मौजूद रहे। ये वही विधायक हैं, जिनके इस्तीफे के चलते कमलनाथ सरकार गिर गई। शनिवार को बेंगलुरू के रामदा रिसॉर्ट से सभी विधायक विशेष विमान से दिल्ली पहुंचे।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development — All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding — 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation — A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.
Contact: Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in